जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-1 जयपुर, सोमवार, 3 जनवरी, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4




## धन्यवाद पाठकों !

1965 में ठीक 57 साल पहले हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री राजेंद्र कुमार अजय ने जयपुर में की थी । आप सभी पाठकों के सम्मान और विश्वास के साथ 58 वें साल में प्रवेश करते -करते हमारा वतन देश का लोकप्रिय अखबार बन गया है । नई दिल्ली, महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखंड राज्य में प्रसारित हो रहा है । हमारा वतन की इस ऊर्जा का स्रोत आप जैसे सुधि पाठक हैं । आपकी जरूरतों, सुझाव और मार्गदर्शन में हमारा वतन ने सूचनाएं समाचारों से आगे जाकर देश को अग्रिम रखने वाली पत्रकारिता की है । हमारा वतन परिवार 58 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए पाठकों और विज्ञापनदाताओं को कोटि-कोटि आभार प्रकट करता है और विश्वास दिलाता है कि हमेशा आपके लिए आपकी सलाह से आप ही की जरूरतों का अखबार बनाते रहेंगे । फिर से धन्यवाद ! पढ़ते रहिए हमारा वतन !

**राम गोपाल सैनी (संपादक)**




**सभी पाठकों को हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !**

## सीएम गहलोत ने दिया नए साल का तोहफा : बीस हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए 14 एवं 15 मई को होगी रीट परीक्षा

जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में करीब 20 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए वर्ष 2022 में 14 एवं 15 मई को रीट-2022 परीक्षा आयोजित किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया है। इस भर्ती में विशेष शिक्षकों के पद भी शामिल किए जाएंगे। इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री निवास पर हुई शिक्षा विभाग की बैठक में यह निर्णय किया गया। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार निरंतर फैसले ले रही है। इसके लिए



समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में 31 हजार पदों पर भर्ती के लिए रीट परीक्षा का आयोजन किया गया था। गहलोत ने निर्देश दिए कि पैराटीचर्स, शिक्षाकर्मी, मदरसा पैराटीचर्स एवं पंचायत सहायकों की समस्याओं का सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए हल करने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य योजना बनाई जाए।

## पूर्व विधायक सैनी पहुँचे चौमूं रेलवे स्टेशन स्थित अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर



चौमूं (हमारा वतन) चौमूं -सामोद रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव कराने को लेकर दैनिक रेल यात्रियों की ओर से बुधवार से शुरू किया गया । धरना स्थल पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी भी पहुंचे और दैनिक रेल यात्रियों की मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी ली । पूर्व विधायक ने कहा की आप सभी की मांगें जायज हैं और जल्द ही रेल्वे प्रबंधन को सूचित कर समस्या का समाधान करवा दिया जायेगा । धरना दे रहे लोगों ने कहा कि मीटर गेज के समय जयपुर से सीकर के बीच 13 ट्रेनों का अप डाउन था और सभी ट्रेनें चौमू सामोद रेलवे स्टेशन पर रुकती थी। जहां से हजारों लोग ट्रेनों के माध्यम से यात्रा करते थे। के अलावा हजारों लोग डेली पैसेंजर रूप में यात्रा करते थे,लेकिन अब इस स्टेशन पर से केवल दो ट्रेनें अप डाउन कर रही है। जिनका भी रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं है। जबकि चौमू जयपुर जिले का आबादी के हिसाब से सबसे बड़ा कस्बा है। यहां पर तहसील मुख्यालय, नगर पालिका और अन्य कई विभाग कार्यरत हैं। यहां से जयपुर व अन्य स्थानों के लिए रोजाना हजारों की संख्या में सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, मजदूर, प्राइवेट जॉब करने वाले आदि लोग डेली पैसेंजर के रूप में यात्रा करते हैं,लेकिन इसके बावजूद भी रेलवे प्रशासन यहां पर ट्रेनों का ठहराव नहीं कर रहा है और प्राइवेट बसों को फायदा पहुंचा रहा है। धरना देने वालों का मांग थी कि रेलवे स्टेशन पर पहले की तरह सभी ट्रेनों को चालू किया जाए ।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी की नव वर्ष पर शुभकामनाएं

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने नव वर्ष 2022 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. जोशी ने कहा है कि नये वर्ष में प्रदेश में खुशहाली बनी रहे। सभी लोग स्वस्थ रहें। प्रदेश प्रगति करे। लोगों में नया उत्साह आये। हम सभी के जीवन में उमंग और नया संचार आये। डॉ. जोशी ने कहा है कि युवा देश का भविष्य है। नये वर्ष में प्रदेश के युवाओं को उनकी मेहनत का सुखद परिणाम मिले। युवा अपने सदमार्ग पर निरन्तर उन्नति करें। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के वातावरण को सकारात्मक बनाये रखने में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी, तब ही प्रदेश चुनौतियों से मुकाबला कर सकेगा।

## लक्ष्य निर्धारित करने से मिलती है सफलता : वृक्षमित्र डॉ सोनी

देहरादून (हमारा वतन) पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में ग्रामसभा मरोडा सकलाना में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण के साथ बच्चों के अच्छे भविष्य बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा



कि अगर हम लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं तो सफलता निश्चित ही हमें मिलेगी। लेकिन हम अपना लक्ष्य निर्धारित नही कर पाते हैं जिस कारण हमें अपने लक्ष्य से भटकना पड़ता है । अभिभावक को बच्चों से ज्यादा जागरूक होना चाहिए यही जागरूकता बच्चों के भविष्य को सवार सकती हैं। डॉ सोनी ने कहा हम विषम भौगोलिक दशाओ में रहते है । हमारा उद्देश्य अपने बच्चों की सुंदर भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए और नये वर्ष में अपना लक्ष्य को निर्धारित करते हुए नई उमंग व उल्लास से कार्य करना चाहिए तभी हमें सफलता मिल सकती है। बैठक में विमला देवी, अनिता देवी, संध्या, कनिका, संगीता देवी, सरोजनी देवी, एकादशी देवी, विनीता देवी, सुरेंद्र सिंह नेगी, भरत सिंह पंवार, विक्रम सिंह मनवाल, इंदरसिंह, राजेन्द्र सिंह, राहुल हटवाल, दीपक हटवाल, केंद्र सिंह, इंद्र सिंह हटवाल आदि लोग मौजूद रहे ।

**नववर्ष और मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं!**

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

SBI Life INSURANCE

**अगर आपने अभी तक अपना बीमा नहीं करवाया है तो हमसे जल्द संपर्क करें !**



राजेंद्र सिंह लाखनवाल
(बाबू चौधरी)
बीमा सलाहकार

जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी !



रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन ।

लोकतंत्र सेनानी परिवार,फागी ।

मो. 9251752430
Email – rajendra861970092@gmail.com

पता - ग्राम पोस्ट-मांदी, तहसील - फागी ,जिला -जयपुर, राजस्थान

## पूनम खंगारोत राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर की प्रसिद्ध समाज सेविका पूनम खंगारोत को आदिशक्ति फाउंडेशन दिल्ली का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।



पूनम खंगारोत को यह पद समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए दिया गया है। संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा सुषमा पंवार ने बधाईयां दी हैं।



**लोनिया हॉस्पिटल एण्ड फर्टिलिटी सेन्टर**

कचौलिया रोड,मगध नगर,बचपन स्कूल के पास,चौमूं,जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित है? तो हमसे मिलें

फ्री परामर्श | 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा | सुरक्षित नॉर्मल,सिजेरियन डिलीवरी

सभी प्रकार की जांच और दवाईयों में 20 प्रतिशत की छूट

नि:संतानता अब अभिशाप नही,पाएं मातृत्व का सुख!

संपर्क–9785438901,8949138008



निदेशक डॉ धर्मराज सिंह लोनिया



## नववर्ष 2022 (कविता)

नव भोर संग नववर्ष आया,
खुशियों की सौगात है लाया।
नव उमंग नव तरंगों संग,
हर्ष उल्लास चहुंओर महका।

फैली पूर्व में लालिमा,
सुप्रभात खग वृंद है चहका।

सुखदायी रवि किरण संग,
नव कली ने ली अंगराई।

हो पुष्पित वन उपवन,
मंद मंद बयार है गहराई।

आओं मिलकर ऐसा प्रण धरें,
स्वदेश हित में निज काज करें।

छल कपट झूठ पाखंड से दूर रहे,
ना द्वेष ईर्ष्या का आपस में दंभ भरें।

जात-पात का भेद मिटाकर,
सहर्ष सबको गले लगाएं।

अखण्ड राष्ट्र एकता का,
गीत हमसब मिलकर गाएं।

होगा तब नया जोश नया उल्लास,
खुशियों का फैलेगा स्वतः उजास।

करें अभिनंदन नूतनवर्ष तुम्हारा,
हर सुबह खुशियों भरा हो नज़ारा।



महेन्द्र सिंह कटारिया
सीकर, राजस्थान

# पूर्व विधायक सैनी ने कांग्रेस स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



चौमूं (हमारा वतन) कांग्रेस के 137वें स्थापना दिवस पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को माला व साफा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सामोद वीर हनुमान जी की फोटो भेंट की। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीड होते हैं। कांग्रेस पार्टी में जमीनी और मेहनती कार्यकर्ताओं को हमेशा से सम्मान करती है। पूर्व विधायक सैनी व चेयरमैन द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता नानगराम लांबा, शरत चंद चौहान, मांगीलाल बलेसरा, सागर लांबा, मदनलाल इंदौरिया, सुशीला कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, मंगलचंद यादव, छोटूराम नागर, उदाराम नागर, महंत योगेश्वर दास शर्मा, मंगलचंद सैनी, सीताराम जीतरवाल, हनुमान सहाय कुमावत, गौरीशंकर कुमावत, रामचंद्र भौमका, जगदीश सेरावत मुनीम, बंशीधर यादव लोहरवाडा, मदन टोडावता, लक्ष्मी नारायण स्वामी, जगदीश बागड़ा, लालाराम हलवाई, मालीराम यादव, अशोक कुमावत, पूरण मीणा डेहरा, कजोड़ मल लोरा, सांवरमल वर्मा, नेकी राम, भगवान सहाय सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, सेवादल लल्लूराम सैनी, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, नगरपालिका पार्षदगण, सरपंच गण सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



जयपुर (हमारा वतन) ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा मोरीजा रोड स्थित कागलिया वाले हनुमानजी चौमूँ पर 108 गिरधारी दास जी महाराज के सानिध्य में व पं अंबिका प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में आरपीएस संदीप सारस्वत, तहसीलदार कृष्णा शर्मा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, शिक्षाविद सांवरमल शास्त्री एवं डॉ भरत राज शर्मा अतिथि के रुप में उपस्थित रहे । इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर शाल, साफा व मां गायत्री की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया । मंच संचालन जिला प्रवक्ता पंडित अरुण कुमार शर्मा ने किया। प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है तथा युवाओं को समाज के कार्यक्रमों में आगे आने का आह्वान किया तथा समाज के मंच पर सर्व समाज को संगठित रहने पर जोर दिया । कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) चंदन बसोतिया, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक रेवडका, जिला महामंत्री संदीप शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं राम स्वरुप शर्मा, जिला मंत्री पं चंद्रशेखर शर्मा, चौमूँ तहसील अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार शर्मा महामंत्री नंदकिशोर गैसका, महासचिव भवानी शंकर शर्मा, चौमूँ तहसील संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, (महिला प्रकोष्ठ) नगर अध्यक्ष ममता शर्मा, महामंत्री आशा शर्मा, चौमूँ नगर अध्यक्ष मुक्तिलाल बासोतिया, कृपा शंकर शर्मा, डॉ पवन कुमार तिवाडी, पं छोटी लाल शर्मा, बनवारी लाल भातरा, पार्षद संदीप शर्मा, मुकेश कुमार दीक्षित, मेघराज शर्मा, महावीर शर्मा, राकेश शर्मा, नारायण लाल शर्मा, हरिओम शर्मा, बालकृष्ण भारद्वाज आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## राज्यपाल की नव वर्ष पर बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर (नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नव वर्ष 2022 पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने आज यहां जारी अपने संदेश में कहा है कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, उमंग और उल्लास लेकर आए।

उन्होंने कहा है कि नये साल में देश और प्रदेश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए उन्नति के नए शिखर को छुएं। राज्यपाल ने सभी से नव वर्ष का उत्सव कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए मनाने की अपील की है।



# पंडित रविंद्र आचार्य ने अनाथालय में बच्चों को दूध और फल वितरित कर मनाया नववर्ष

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य व समाज सेविका और भाजपा नेत्री पूजा पाठक समाज ने आगरा रोड स्थित गरिमा स्पेशल स्कूल समिति के अनाथालय में बच्चों को दूध और फल वितरित कर नया साल मनाया । पूजा पाठक ने बताया कि आज नव वर्ष की शुरुआत इन बच्चों को दूध व फल वितरित करके मनाया । इन बच्चों का कोई भी सहारा नहीं है, हम सभी को अनाथ बच्चों के लिए कुछ ना कुछ करना चाहिए । इस कार्यक्रम में कुनाल पाठक, ललित पाठक, दामोदरदास, पार्षद माया नेनीवाल, पंडित अमित आचार्य, सुमित बंसल, मुकेश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## 18 दिन बाद पानी की टंकी से उतरे किसान:तीन दिन से जारी भूख हड़ताल भी खत्म, प्रशासन के साथ वार्ता में बनी सहमति

हनुमानगढ़(वि.सं.)। नोहर तहसील के गांव बड़बिराना में 18 दिन बाद शुक्रवार को किसानों का धरना समाप्त हो गया। वार्ता में सहमति के बाद पांचों किसान पानी की टंकी से नीचे उतर गए। भूख हड़ताल भी खत्म हो गई। जिले की नोहर तहसील के गांव बड़बिराना में अमर सिंह ब्रांच की रामगढ़ माइनर का मोघा नम्बर 3 व 4 दुरुस्त करने की मांग को लेकर आन्दोलन चल रहा था। नोहर पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल व नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र की मध्यस्थता से प्रशासनिक अधिकारियों और किसान प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। किसानों को बताया गया कि कलेक्टर की ओर से प्रशासन व सिंचाई विभाग स्तर पर एक कमेटी बनाई थी।

# रसोई से निकलने वाले वेस्ट को लेकर किया नुक्कड़ नाटक




हरियाणा (हमारा वतन) पानीपत में रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी, सबको रोशनी फाउंडेशन व नगर निगम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन श्याम वाटिका में किया गया । रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी महासचिव पंकज शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक जिसकी थीम रसोई से निकलने वाला वेस्ट जिसके द्वारा हम खाद बना सकते हैं लोगों को अच्छी तरह से बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया । मेयर अवनीत कौर ने इस कार्यक्रम ने शिरकत की । रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी की प्रेसिडेंट काजल शर्मा व उनकी पूरी टीम और सबको रोशनी फाउंडेशन से आरती सिंगला,नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की सीटीएल कविता कादियान व उनकी टीम सुनील ,पंकज शर्मा ,रवि ,दीपक बलवान, सुमित , जोध सिंह ,दीपक , पूजा आदि शामिल रहे।

# दौसा के युवा कवि कृष्ण कुमार सैनी की कृति का राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा चयन



दौसा (हमारा वतन) राजस्थान सरकार की स्वायत्तशासी संस्थान राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा पांडुलिपि में दौसा के दो साहित्यकारों का चयन हुआ है। जिसमे कवि कृष्ण कुमार सैनी के नमन शहीदों को नाम से काव्य संग्रह का चयन हुआ है। कवि कृष्ण कुमार सैनी की कृति का चयन होने पर सैनी समाज में भी खुशी का माहौल है। इस निमित्त पुस्तक प्रकाशन सहयोग हेतु 15,000 रुपये की पुरस्कार राशि राजस्थान साहित्य अकादमी के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

# सीएम गहलोत ने खादी वस्त्रों की बिक्री पर 50 प्रतिशत छूट की अवधि बढ़ाई



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान सरकार ने खादी वस्त्रों की बिक्री पर 50 प्रतिशत छूट की अवधि 30 जनवरी 2022 तक बढ़ाने का शानदार फैसला किया है । इस फैसले से गांधीनगर, बजाज नगर में लगी हुई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2021-22 में लगी स्टोलों और ग्राहकों को फायदा होगा । संस्था संघ मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 30 जनवरी तक खादी वस्त्रों की बिक्री पर 50 प्रतिशत की छूट बढ़ाना खादी के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगी । राजस्थान सरकार समय-समय पर छूट देती रही है । गौरतलब है कि 25 नवंबर 2021 से 13 जनवरी 2022 तक बजाज नगर स्थित संस्था संघ में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है ।

## 1 हजार कंबल बांटे:अलावड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच की पहल, सामाजिक पेंशन के भरोसे जीवन गुजारने वालों को कंबल दिए

अलवर(वि.सं.)। अलवर जिले के अलावड़ा के सरपंच जुम्मे खां ने ग्राम पंचायत के करीब 1 हजार गरीब बुजुर्गों को कंबल बांटे हैं। जो केवल सरकार की ओर से मिलने वाली सामाजिक पेंशन के भरोसे जीवन यापन करते हैं। उनको हाड़ कंपाने वाली सर्दी में कंबल देकर राहत दी है। ग्राम सरपंच जुम्मे खां ने कहा कि वे पहली बार सरपंच बने हैं। उनका एकही मकसद है गांव का विकास करना। गरीबों का दुख दर्द बांटना। जितना संभव होगा उतना प्रयास किया जाएगा। यह उसी कड़ी में एक प्रयास है। खुद के ग्राम पंचायत में उसे जरूरतमंद लगने वालों को कंबल दिए हैं। ताकि सर्दी में राहत मिल सके। सरपंच की पत्नी डायरेक्टर है।

# जॉब्स

1. बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, पद पेंटर, वेटर, मैकेनिक, ड्राइवर, पद संख्या 354, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2022
2. इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पद टेक्नीशियन टी आई, पद संख्या 641, अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022
3. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद नाविक जीडी, नाविक डीबी, यांत्रिक, पद संख्या 322, अंतिम तिथि 14 जनवरी 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद सीजीएल, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 23 जनवरी 2022
5. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद सीडीएस, पद संख्या 341, अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022
6. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद एनडीए एंड एनए, पद संख्या 400, अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022
7. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद हेड कॉन्स्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
8. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट कंजरवेटर फॉरेस्ट और फॉरेस्ट रेंजर, पद संख्या 63, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022

## 2021 में खत्म हुई इन कपल्स की लव स्टोरी किसी का हुआ ब्रेकअप तो किसी ने लिया तलाक

हर साल की तरह साल 2021 में भी कई अच्छी और कई बुरी खबरें आती रहीं। अब ये साल खत्म होने जा रहा है और साल 2022 का आगाज होने जा रहा है। 2021 में बॉलीवुड की कई प्रेम कहानियां मुकम्मल हुईं तो वहीं तमाम लव स्टोरीज का इस साल में अंत हो गया। तो चलिए जानते हैं उन लव स्टोरीज के बारे में जो इस साल खत्म हो गईं।बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और किरण राव की जोड़ी इस साल टूट गई। दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। इस कपल ने जुलाई 2021 में अपनी 15 साल पुरानी शादी को खत्म करने का ऐलान कर दिया। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा, इन 15 सालों में हमने एक साथ जिंदगी भर के अनुभव, खुशी और हंसी साझा की है, और हमारा रिश्ता केवल विश्वास, सम्मान और प्यार में बढ़ा है।बॉलीवुड एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने घोषणा की कि वह अपना 5 साल पुराना रिश्ता खत्म कर रही हैं। कीर्ति और साहिल साल 2016 में शादी के बंधन में बंधे थे। एक नोट शेयर कर कीर्ति ने लिखा, मेरे पति साहिल और मैंने अलग होने का फैसला किया है। कागज पर नहीं, बल्कि जीवन में। ये फैसला किसी के साथ होने से ज्यादा मुश्किल था।



**हनी सिंह और शालिनी तलवार**–सेलेब्रिटी रैपर हनी सिंह और उनकी पत्नी का मामला भी इस साल काफी सुर्खियों में रहा। दोनों के रिश्ते में खटास इतनी ज्यादा बढ़ गई कि मामला कोर्ट तक पहुंच गया। 3 अगस्त को शालिनी तलवार ने अपने पति हनी सिंह के खिलाफ घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और आर्थिक हिंसा का मामला दर्ज कराया था।

**शिखर धवन और आयशा मुखर्जी**–क्रिकेटर शिखर धवन और आयशा मुखर्जी ने भी अपने 8 साल पुराने रिश्ते को इस साल खत्म करने का ऐलान कर दिया। आयशा मुखर्जी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि वह अब दो बार तलाक ले चुकी महिला हैं। दोनों ने 2012 में शादी की थी और उनका एक बेटा है जिसका नाम जोरावर है। आयशा मुखर्जी मेलबर्न की रहने वाली हैं।

# कोविड की नई लहर में बच्चो को मेंटली फिट रखना जरूरी



एक मां के रूप में आप जानती हैं कि कोविड-19 के इस दौर ने आपके बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित किया है। इसलिए इन टिप्स की मदद से बच्चों को मेंटली फिट रखने का प्रयास करें।

कंप्यूटर और इलेक्ट्रिक उपकरणों से घिरा आपका बच्चा मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ होता जा रहा है। कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रोन ने बच्चों की इस लाइफस्टाइल को और लंबा खींच दिया है। लेकिन क्या आपको नहीं लगता कि यह बच्चों को भावनात्मक और मानसिक रूप से तोड़ रहा है? ऑनलाइन क्लास से लेकर मोबाइल गेम्स और इंटरनेट सर्फिंग , यह दिनचर्या इन नन्हे मन को संकुचित और खोखला बना रही है। इनकी पढ़ाई और मनोरंजन दोनो ही स्क्रीन के सामने बैठकर हो रहा है। दुर्भाग्य यह है कि इसकी अवधि अब और बढ़ गई है। हम जानते हैं मॉम्स कि बच्चों को हैंडल करना आसान नहीं होता। सुबह उठने से लेकर रात को वापस सुलाने तक, यह पूरी तरह से एक बवंडर है। इस बीच उनके चंचल मन के लिए कुछ नया पकवान बनाना और मनोरंजन के लिए नए साधनों को ढूंढना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। ऊपर से जब ये सारी चीजें घर के चार दीवारों के अंदर हो तो यह और मुश्किल हो जाता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छे खान-पान के साथ मानसिक विकास प्रदान करने के लिए कुछ विशेष टिप्स को जानना है जरूरी।

**किड्स की मेंटल फिटनेस के लिए मॉम्स गाइड**

**1. श्वास व्यायाम** -बड़ो के मामले में आप जानते हैं कि सांस के रिदम को शरीर से जोड़ने पर तनाव कम करने में मदद मिलता है। इसके साथ ही यह रात को निर्विघ्न सोने में मदद करता है। लेकिन जर्नल ऑफ क्लीनिकल स्लीप के शोध बताते हैं कि बच्चों के लिए भी यही सच है। इसलिए अपने बच्चों को सुबह या उनकी ऑनलाइन क्लास के बाद थोड़ी देर इनका अभ्यास कराएं। बच्चे आसानी से ऊब जाते हैं। इसलिए शुरुआत में इस सत्र को छोटा रखें। पांच मिनट का श्वास व्यायाम शुरू करने के लिए सही है।

**2. योगा से ही होगा** -श्वास व्यायाम की तरह, योग बच्चों को शांत रखने में मदद करता है। यह अभ्यास उनकी ऊर्जा को अधिक सकारात्मक तरीके से चैनलाइज करने में मदद करता है। हावर्ड विश्वविद्यालय के शोध के अनुसार योग और माइंडफुलनेस बच्चों के लिए मनोवैज्ञानिक लाभ प्रदान करते हैं। अनुसंधान में बताया गया है कि शरीर ने पहले ही दिखाया है कि योग फोकस, स्मृति, आत्म-सम्मान, अकादमिक प्रदर्शन और कक्षा व्यवहार में सुधार कर सकता है। यह बच्चों में चिंता और तनाव को भी कम कर सकता है।शुरुआत के लिए 12 मिनट के आसान योग सत्र की सलाह दी जाती है। इसे सभी उम्र के बच्चे कर सकते हैं और इसका आसान एवं मजेदार तरीका उन्हे योग के प्रति जागरूक बना सकता है।

**3. डांस पार्टी** -अपने किडोस को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से दूर रखने और क्लास के तनाव को कम करने के लिए घर्वपर डांस पार्टी का आयोजन करें। अलेक्जेंडर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के शोध से पता चलता है कि नृत्य बच्चों को भावनाओं को प्रबंधित करने और स्कूल में उनकी अनुकूलन क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।



## वीगनिज़्म को फॉलो कर रहीं हैं, तो यहां हैं आपके लिए वीगन बॉडी लोशन बनाने का तरीका

आज के दौर का ट्रेंड है वीगन लाइफस्टाइल। डाइट से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक आपको हर चीज में वीगन कैटेगरी मिल जाएगी। इसी श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं वीगन बॉडी लोशन के बारे में।अगर आप वीगन लाइफस्टाइल जीना चाहती हैं, तो डाइट के अलावा आपके ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी क्रुएल्टी फ्री होने चाहिए। बाजार में कई बड़े ब्रांड्स अब क्रूरता मुक्त स्किन केयर उत्पादों का निर्माण और मार्केटिंग कर रहें हैं। खुद को वीगन डाइट के इर्द गिर्द रखना आसान हो सकता है। लेकिन एक वीगन स्किन केयर रूटीन का पालन करना थोड़ा भ्रमित करने वाला हो सकता है। क्या आपके मेकअप किट का हर सामान और त्वचा के देखभाल के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट्स वीगन हैं? इसका जवाब थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि किसी उत्पाद में कुछ ऐसे तत्व हो सकते हैं जिससे आपको बचना चाहिए। इसलिए हम बता रहें हैं कि कैसे घर पर आप वीगन बॉडी लोशन बना सकती हैं।

**क्या होता है वीगन बॉडी लोशन?**

सामान्य तौर पर, वीगन डाइट में मांस और पशु उपोत्पाद जैसे दूध या पनीर से मुक्त आहार का पालन करते हैं। इन आहार प्रतिबंधों की तरह, वीगन बॉडी लोशन को तैयार करते समय पशु-व्युत्पन्न अवयवों को छोड़ दिया जाता है।

## सनी कौशल संग रिश्ते पर शार्वरी वाघ ने तोड़ी चुप्पी, जानिए क्या है रिलेशनशिप का सच?

बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल के भाई सनी कौशल और शार्वरी वाघ के रिश्ते को लेकर तमाम तरह की अफवाहें लगातार चल रही हैं। बॉलीवुड गलियारों में ऐसी खबरें हैं कि दोनों एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं और जल्द ही शादी के बंधन में भी बंध सकते हैं। सनी कौशल ने फिल्म शिद्दत के जरिए बॉलीवुड डेब्यू किया है और शार्वरी साल 2005 में आई फिल्म बंटी और बबली के रीमेक बंटी और बबली 2 के जरिए सिनेमा जगत में अपने करियर की शुरुआत कर चुकी हैं। दोनों ही न्यूकमर्स के लिए सिनेमा जगत में लंबा सफर तय करना बाकी है और इस बीच उनके रिलेशनशिप में होने की खबरें लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। विकी कौशल के भाई सनी कौशल के साथ रिलेशनशिप में होने को लेकर शार्वरी ने अब चुप्पी तोड़ी है और कहा कि दोनों पिछले 4 साल से दोस्त हैं और उनकी दोस्ती वेब सीरीज 'The Forgotten Army' की शूटिंग के दौरान हुई थी। कबीर खान के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सनी और शार्वरी ने साथ काम किया था। इंडिया डॉट कॉम के साथ बातचीत में शार्वरी ने कहा, ईमानदारी से कहूं ये अफवाहें महज कोरी अफवाह हैं और मैं बस इतना ही कहूंगी कि ये महज अफवाहें हैं।



## क्या इस वजह से रोहमन शॉल के साथ सुष्मिता सेन का हो गया ब्रेकअप? लेटेस्ट पोस्ट में कहा- 'खुश रहने के लिए...'

सुष्मिता सेन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर अपने ब्रेकअप के बारे में बताया। वह रोहमन शॉल से अलग हो गई हैं। इससे पहले कई बार उनके ब्रेकअप की खबरें आईं लेकिन दोनों ने हमेशा इससे इनकार किया। उनका यह रिश्ता क्यों टूटा इसकी वजह पर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। सुष्मिता ने इस पर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा है। हालांकि उनका लेटेस्ट पोस्ट काफी कुछ बयां करता है। अब अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर के साथ एक नोट साझा किया है। उन्होंने कहा कि खुश रहने के लिए जोखिम लें और इसके लिए हिम्मत चाहिए होती है। सुष्मिता के फैन्स उन्हें लाखों लोगों की प्रेरणा बता रहे हैं।



**पोस्ट में क्या लिखा**–सुष्मिता ने एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने पिंक कलर का आउटफिट पहना हुआ है। वह कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रही हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखती हैं, 'जीवित रहने के लिए जोखिम लें। खुश रहने के लिए जोखिम उठाना। इसके लिए हिम्मत चाहिए।' आगे वह लिखती हैं, 'आप लोगों में हिम्मत है, यकीन मानिए, हम सब करते हैं।'







# 2022 का पहला शतक

## न्यूजीलैंड के डेवन कॉनवे ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली शानदार पारी, 14 चौके और 1 छक्के जड़े

नई दिल्ली। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच माउंट मॉन्गनुई में खेला जा रहे पहले देश में न्यूजीलैंड के डेवन कॉनवे ने साल का पहला शतक बनाया है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट मैच 1 जनवरी से खेला जा रहा है। कॉनवे ने अपना शतक 186 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से पूरी की। उनका यह टेस्ट करियर का दूसरा शतक है।

**कप्तान मोमिनुल हक ने लिया विकेट**–कॉनवे की पारी का अंत बांग्लादेश के केप्तान मोमिनुल हक ने किया। पारी के 80 वें ओवर में बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले मोमिनुल ने विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच कराकर कॉनवे को पवेलियन की राह दिखाई। कॉनवे ने 227 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 1 छक्के लगाए।

**72 की औसत से रन बना रहे हैं रन**–डेवॉन कॉनवे पिछले साल जून महीने में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर डेब्यू किया था। कॉनवे ने अपने पहले ही मैच में डबल सेंचुरी लगाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होंने अब तक खेले 4 टेस्ट मैचों में 71.57 की औसत से 501 रन बनाए हैं। जिसमें 2 सेंचुरी, 1 डबल सेंचुरी और 2 हाफ सेंचुरी भी शामिल है। वहीं 3 वनडे में 75 की औसत से 225 रन बनाए हैं।

**न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 250 से ज्यादा रन बनाए**–न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 250 से ज्यादा रन बना लिए हैं। हालांकि न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लाथम सिर्फ 1 रन बनाकर शोरिफल इस्लाम की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए कॉनवे के साथ 138 रनों की साझेदारी निभाई। इस सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर ने 31 रनों की पारी खेली। टेलर ने तीसरे विकेट के लिए कॉनवे के साथ 50 रनों की साझेदारी निभाई।

## आईसीसी ने महिला टी 20 प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए 4 खिलाड़यों को किया नॉमिनेट,मंधाना लिस्ट में शामिल एकमात्र भारतीय

नई दिल्ली। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को तीन अन्य क्रिकेटरों के साथ आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला टी-20 खिलाड़ी पुरस्कार के लिये नॉमिनेट किया गया। मंधाना के अलावा इंग्लैंड की क्रिकेटर टैमी ब्यूमोंट और नेट साइवर तथा आयरलैंड के गैबी लुईस इस पुरस्कार की अन्य दावेदार हैं। मंधाना ने साल 2021 में नौ टी20 मैचों में 31.87 की औसत से 255 रन बनाए है। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। भारत के किसी भी खिलाड़ी को हालांकि वर्ष 2021 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर के लिये नामित नहीं किया गया है। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, दक्षिण अफ्रीका के जानेमन मलान और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस कैटेगरी में टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए इग्लैंड के जोस बटलर, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को नॉमिनेट किया।



## Ashes Series: सिडनी टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, ट्रैविस हेड हुए कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 5 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है, इससे पहले मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। इनफॉर्म बल्लेबाज ट्रैविस हेड कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और सिडनी टेस्ट से बाहर हो गए हैं। मिचेल मार्श, निक मैडिन्सन और जोश इंग्लिस को कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज सीरीज में चौथे टेस्ट से पहले दोनों तरफ के ग्रुप कोरोना से परेशान हुए हैं। इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड भी कोरोना के चलते सिडनी टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं मैच रेफरी डेविड बून भी कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए और सिडनी टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। चौथे टेस्ट में आईसीसी रेफरी के इंटरनेशनल पैनल के सदस्य स्टीव बर्नार्ड उनकी जगह मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे। सीरीज की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया पहले तीन टेस्ट मैच जीतकर सीरीज पर अजेय बढ़त बना चुका है। पूरी सीरीज के दौरान इंग्लैंड का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# हैप्पी न्यू ईयर



राम गोपाल सैनी

पिछले दो वर्षों से जिस कोरोना वायरस ने मनुष्य समाज पर अपना काला साया डाल रखा है, उससे मुक्त होने की लड़ाई अभी लंबी चलने वाली है। साल 2021 में खासकर वैक्सीन आने के बाद माना जाने लगा कि अब हमारा हर कदम कोरोना महामारी से बाहर निकलने वाला होगा और हम सदियों में एक बार आने वाली ऐसी आपदा से जीत जाएंगे। मगर साल के आखिर तक आते-आते वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन ने एक बार फिर सबको सकते में डाल दिया। फिर से तमाम देश इंटरनैशनल फ्लाइट्स पर पाबंदियां लगाने लगे। भारत में भी अब तक 23 राज्यों में ओमीक्रोन के मामले पाए जा चुके हैं। वित्तीय राजधानी मुंबई सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में है। राजधानी दिल्ली उससे कुछ ही पीछे दूसरे नंबर पर है। मुंबई में जहां 15 जनवरी तक के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, वहीं दिल्ली में भी नाइट कर्फ्यू और मेट्रो-बसों में 50 फीसदी यात्री क्षमता की इजाजत जैसी पाबंदियां लगाई जा चुकी हैं। इसलिए आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या साल 2022 में हम एक बार फिर लॉकडाउन जैसी त्रासद स्थिति का गवाह बनेंगे? क्या एक बार फिर हमारे अस्पताल भरे हुए दिखने लगेंगे?निश्चित रूप से नए साल के मौके पर ऐसी कल्पना सुखकर नहीं है। लेकिन मौका कोई भी हो, सचाई से आंखें मूंद लेना समझदारी नहीं कही जाती। वैसे हकीकत अगर यह है कि दुनिया कोरोना के खिलाफ अपनी जंग अभी जीत नहीं पाई है तो यह भी है कि हमने उसका मुकाबला बेहतरीन ढंग से किया है। वायरस बार-बार रूप बदल रहा है तो हम भी उससे निपटने के नए-नए तरीके खोज और अपना रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के मद्देनजर डब्ल्यूएचओ ने यह उम्मीद जाहिर की है कि संभवत- साल 2022 कोरोना के तीक्ष्ण दौर का अंत साबित होगा।

# विनोद सीताराम दुबे शिक्षक को मिला गौरव सम्मान

उत्तरप्रदेश (हमारा वतन) महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेई की पावन जयंती पर्व पर गोरक्षा शक्ति धाम सेवार्थ फांऊडेशन द्वारा अखिल भारतीय सम्मान समारोह का आयोजन भारत माता मंदिर उज्जैन के सभागृह में संपन्न हुआ। इस सम्मान समारोह में भर्तृहरि गुफा के महंत पीर योगी रामनाथ जी वाल्मीकी धाम के पीठाधीश्वर राष्ट्र संत बाल योगी उमेशनाथ महाराज, नवनाथ मंदिर गालणा महाराष्ट्र के महंत योगी विलासनाथ के पावन सानिध्य में तथा मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया के विशेष उपस्थिति तथा विधायक एवं पूर्व उर्जा मंत्री पारस जैन की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों से



चयनित साहित्यकारों,शिक्षकों तथा हिंदी सेवीयों को सरस्वत सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मुंबई हिंदी के प्रचारक एवं गुरु नानक विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार सीताराम दुबे को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



## रक्त दान जीवनदान फाउंडेशन के सह संचालक राजेंद्र चौधरी का किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के सह संचालक राजेंद्र चौधरी का मानवता के हित में काम करने के लिए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जयपुर टू के मैनेजर कमलेश सैनी ने सम्मान किया । मैनेजर कमलेश सैनी ने कहा कि राजेंद्र चौधरी लगातार जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध करवा रहे हैं और गरीब परिवार के लोगों की मदद कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है ।

### तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा

# कोविड को देखते हुए कपड़ा और जूते पर जी.एस.टी.की दर नहीं बढ़ाई जाये

जयपुर(नि.सं.)। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शुक्रवार को आयोजित जीएसटी काउंसिल की बैठक में राजस्थान की तरफ से तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने



राज्य का पक्ष रखते हुए जीएसटी काउंसिल चेयरपर्सन एवं वित्त मंत्री मती निर्मला सीतारमण से आग्रह किया कि कोरोना महामारी में ओमिक्रोन के बढ़ते हुए केसों को देखते हुए एवं अर्थव्यवस्था की गिरती हुई हालात से राज्यों के राजस्व पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ा है इसलिए कोविड के प्रभाव से बाहर आने तक जीएसटी की दरों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की जाये। उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल के पूर्व निर्णयानुसार 1 जनवरी 2022 से कपड़ा एवं रेडिमेड गारमेंट्स जैसे 1000 रुपये से कम लागत वाले आइटम एवं रुपये 1000 से कम लागत वाले फुटवियर पर जीएसटी दर 5 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत प्रस्तावित थी जिसे आगामी 2 वर्ष तक स्थगित रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि टेक्सटाइल व्यापारियों की मांग अनुसार जीएसटी दर 2 वर्ष तक नहीं बढ़ाने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार की तरफ से प्रभावी तरीके से जीएसटी काउंसिल के समक्ष रखा। तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समय-समय पर जीएसटी की दरें नहीं बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह करते रहे हैं। काउंसिल की बैठक में डॉ. गर्ग ने कहा कि राजस्थान को मिलने वाले जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस 7433 करोड रुपए का तत्काल भुगतान किया जाये ,साथ ही उन्होंने मांग रखी कि जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस भुगतान अवधि जुलाई 2022 से 5 साल बढ़ाकर जुलाई 2027 तक की जाये। राज्य सरकार की सभी मांगों पर केंद्रीय वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल की चेयरपर्सन मती निर्मला सीतारमण ने सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## पचास लाख रूपए तक के फ्लैट्स पर स्टाम्प ड्यूटी में रियायत 31 मार्च तक बढ़ाई

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुमंजिला भवनों में 50 लाख रूपए मूल्य तक के फ्लैट्स के विक्रय दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में दी गई 2 प्रतिशत की रियायत की अवधि 31 मार्च, 2022 तक बढ़ाने की मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के आर्थिक प्रभाव के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम 30 जून, 2021 तक यह रियायत प्रदान की थी। आमजन को मिल रही राहत को देखते हुए इसे पहले 30 सितम्बर, 2021 तक तथा इसके बाद 31 दिसम्बर, 2021 तक बढ़ाया गया था।

### राजस्थान स्टेट गैस की आपूर्ति क्षमता में डेढ़ गुणा बढ़ोतरी

# विपरीत परिस्थितियो के बावजूद लाभ में बढ़ोतरी-सुबोध अग्रवाल



जयपुर(नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम व चेयरमैन राजस्थान स्टेट गैस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि आरएसजीएल ने नीमराणा में एक अतिरिक्त कंप्रेशर स्थापित कर गैस आपूर्ति 50 हजार क्यूबिक मीटर प्रति दिन से बढ़ाकर 75 हजार क्यूबिक मीटर प्रतिदिन की क्षमता विकसित कर ली है वहीं कोटा में दो सीएनजी स्टेशनों पर ओनलाईन गैस उपलब्ध कराना आरंभ कर दिया है। एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने यह जानकारी आरएसजीएल की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि ओनलाईन व्यवस्था होने से अब इन स्टेशनों पर 24 घंटों गैस की उपलब्धता व वितरण की सुविधा रहेगी। एसीएस माइंस एवं चेयरमैन आरएसजीएल डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि आरएसजीएल का वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान करीब 54 करोड़ 35 लाख रुपए का वार्षिक टर्न ओवर रहा है। आरएसजीएल ने बेहतरीन परिणाम देते हुए लगभग 15 करोड़ 72 लाख रु. का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। आरएसजीएल 11 करोड़ 85 लाख के शुद्ध लाभ में रही है। राजस्थान स्टेट गैस लि. के प्रबंध संचालक मोहन सिंह ने बताया कि आरसजीएल ने निर्बाध गैस आपूर्ति के लिए जहां व्यवस्था में सुधार किया है वहीं एक दिन में 76 हजार किग्रा गैस उपलब्ध कराकर एक दिन में सर्वाधिक गैस वितरण का नया रेकार्ड बनाया है।

उन्होंने बताया कि आरएसजीएल की गैस उपलब्ध कराने की क्षमता को डेढ़ गुणा तक बढ़ाया जा चुका है। एमडी सिह ने बताया कि कोरोना लाकडाउन जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आरएसजीएल ने टीम भावना से कार्य करते हुए व्यावसायिक दक्षता का परिचय देते हुए लाभ में बढ़ोतरी की हैं। उन्होंने बताया के कोटा में घरेलू गैस कनेक्शन जारी करने के काम में और तेजी लाई जा रही है। आरएसजीएल की एजीएम में के हिस्साधारकों ने हिस्सा लिया।

### भारत ने चुपके से लॉन्च किया न्यूक्लियर पनडुब्बी एस-4, एक साथ 8 मिसाइल दागने में सक्षम

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत ने विशाखापत्तनम में अपनी तीसरी अरिहंत कटेगरी की परमाणु संचालित पनडुब्बी लॉन्च कर दी है। इसे गोपनीय तरीके से विशाखापत्तनम स्थित गोपनीय शिप बिल्डिंग सेंटर से लॉन्च किया गया है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा